J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 18.04.2019**

**PUNJAB KESARI**

# जेसी विश्वविद्यालय में दो दिवसीय 'ऑप्टिक' फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल

**फेस्टिवल के दौरान प्रदर्शित होंगी विद्यार्थियों की फिल्में**

फरीदाबाद, 17 अप्रैल (ब्यूरो): जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के मानविकी विभाग द्वारा 18 व 19 अप्रैल को 'ऑप्टिक' फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 का आयोजन किया जा रहा है।

इस दो दिवसीय फेस्टिवल के दौरान फिल्म व फोटोग्राफी की श्रेणी में चयनित श्रेष्ठ प्रविष्टि को नकद पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे। फिल्म की श्रेणी में शॉर्ट फिल्म, डॉक्युमेंटरी, वॉक्स पॉप, कॉर्पोरेट फिल्म तथा न्यूज पैकेज तथा फोटोग्राफी की श्रेणी मीडिया फोटोग्राफी शामिल हैं। डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि ऑप्टिक फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 का उद्देश्य पत्रकारिता के विद्यार्थियों को सीखने तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। डॉ. सिंघल ने बताया कि फेस्टिवल में फिल्म जगत से जुड़ी शख्सियत हिस्सा ले रहीं है।

पंजाब केसरी ई-पेपर Thu, 18 April 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c

**NEWS CLIPPING: 18.04.2019**

**HINDUSTAN**

# फोटोग्राफी फेस्टिवल में छात्रों की प्रतिभा दिखेगी

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में दो दिवसीय फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के मानविकी विभाग की ओर से 18 और 19 अप्रैल को 'ऑप्टिक' फिल्म फेस्टिवल कराया जा रहा है।

फिल्म की श्रेणी में छात्र शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंट्री, वॉक्स पॉप, कॉरपोरेट फिल्म, न्यूज पैकेज आदि भेज सकते हैं, वहीं फोटोग्राफी की श्रेणी में मीडिया फोटोग्राफी शामिल है। चयनित श्रेष्ठ प्रविष्टियों को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। फेस्टिवल का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे और कुलसचिव डॉ. राज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहेंगे। फिल्म फेस्टिवल में मिसेज इंडिया यूनिवर्स-2018 ईशा गुलाटी, हरियाणवीं-पंजाबी पॉप सिंगर व एक्टर सौरव पंडित, आन पाराशर और मिस दिल्ली-2018 निधि बड़ौला बतौर ज्यूरी हिस्सा लेंगे। मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि पत्रकारिता के छात्रों की प्रतिभा को मंच देना ही फेस्टिवल का मकसद है।

**NEWS CLIPPING: 18.04.2019**

**AMAR UJALA**

न्यूज डायरी

# फिल्में-फोटोग्राफी प्रदर्शित कर बढ़ाएंगे छात्रों का हौसला

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मानविकी विभाग में 'ऑप्टिक' फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 बृहस्पतिवार से आयोजित होगा। दो दिवसीय फेस्टिवल में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित फिल्म और फोटोग्राफी प्रदर्शित होगी। प्रदर्शनी में बेस्ट प्रविष्टि को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। शॉर्ट फिल्म, डॉक्युमेंट्री, वॉक्स पॉप, कॉरपोरेट फिल्म, न्यूज पैकेज और मीडिया श्रेणी की फोटोग्राफी शामिल हैं। फेस्टिवल की शुरूआत कुलपति प्रो. दिनेश कुमार और कुलसचिव डॉ. राजकुमार करेंगे। फिल्म फेस्टिवल में ईशा गुलाटी, मिसेज इंडिया यूनिवर्स-2018, हरियाणवी-पंजाबी पॉप सिंगर एवं एक्टर सौरव पंडित, फिल्म एक्ट्रेस आन पाराशर और मिस दिल्ली-2018 निधि बड़ौला जूरी पैनल में शामिल होंगे। मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि ऑप्टिक फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 का उद्देश्य पत्रकारिता के विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाना है। अकैडमिक सत्र में प्रेक्टिकल काम की प्रदर्शनी कर विद्यार्थी हुनर को मंच दिया जाएगा। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 18.04.2019**

## HINDUSTAN

# यूनिवर्सिटी में आज से फेस्टिवल

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी (वाईएमसीए) में गुरुवार से फिल्म व फोटोग्राफी फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। दो दिन तक चलने वाले इस फेस्टिवल में यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स हिस्सा लेंगे। मानविकी विभाग की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंघल ने बताया कि इस फेस्टिवल में शॉर्ट फिल्म, डाक्यूमेंट्री, वॉक्स पॉप, कॉर्पोरेट फिल्म, न्यूज पैकेज व फोटोग्राफी से संबंधित प्रतियोगिताएं होंगी।

**NEWS CLIPPING: 18.04.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# दो दिनी 'ऑप्टिक' फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल आज से

## फेस्टिवल में फिल्म व फोटोग्राफी की श्रेणी में श्रेष्ठ प्रविष्टि को इनाम देंगे

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी के मानविकी विभाग की ओर से 18 व 19 अप्रैल को 'ऑप्टिक' फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इस दो दिवसीय फेस्टिवल के दौरान फिल्म व फोटोग्राफी की श्रेणी में चयनित श्रेष्ठ प्रविष्टि को कैश पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। फिल्म की श्रेणी में शॉर्ट फिल्म, डॉक्यूमेंटरी, वॉक्स पॉप, कॉर्पोरेट फिल्म तथा न्यूज पैकेज तथा फोटोग्राफी की श्रेणी मीडिया फोटोग्राफी शामिल हैं। फेस्टिवल का शुभारंभ कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे और कुलसचिव डॉ. राज कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। फिल्म फेस्टिवल में ईशा गुलाटी, मिसेज इंडिया यूनिवर्स-2018, हरियाणवी-पंजाबी पॉप सिंगर एवं एक्टर सौरव पंडित, फिल्म एक्ट्रेस आन पाराशर और मिस दिल्ली-2018 निधि बड़ौला जूरी के रूप में उपस्थित होंगे। मानविकी विभाग की अध्यक्ष डा. पूनम सिंघल के अनुसार ऑप्टिक फिल्म एंड फोटोग्राफी फेस्टिवल-2019 का उद्देश्य पत्रकारिता के विद्यार्थियों को सीखने तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। डा. सिंघल के अनुसार फेस्टिवल में फिल्म जगत से जुड़ी शख्सियत हिस्सा ले रहीं हैं।